

# नवागत कलेक्टर की पहली जनसुनवाई

## जागी उम्मीदें : रिकॉर्ड 265 आवेदक बताने पहुंचें समस्याएं, जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में रही भारी भीड़

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** तीन साल के जनसुनवाई में जिले के मुखिया को समस्या बताकर थक-हार चुके आवेदकों में नए मुखिया की आमद के बाद समस्याओं के समाधान को लेकर उम्मीदें जाग गईं है। यही वजह रही कि नवागत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ कार्यभार सम्हालने के बाद पहले मंगलवार को जब जनसुनवाई कर रहे थे तो उन्हें समस्याएं और अपनी परेशानियां बताने के लिए आवेदकों का हुजूम उमड़ पड़ा। 14 अक्टूबर को कलेक्टर के समक्ष जनसनुवाई कार्यक्रम में रिकार्ड 265 आवेदकों ने अपने शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई। कलेक्टर ने आवेदकों की समस्या, परेशानी को गंभीरता से सुना और निश्चित रूप से निराकरण किए जाने का भरोसा भी दिलाया।



**किसान बोला-अनपढ़ हूं, पटवारी ने पिता के नाम करवा ली जमीन:** जनसुनवाई में जौरा के अगरौता निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र बाबूलाल त्यागी ने आवेदन देकर बताया कि में अनपढ़ हूं। हलका के पटवारी रूपेश कुमार त्यागी ने जमीन का बटांकन कराने के बहाने कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराकर अपने पिता सोबरन सिंह त्यागी के नाम जमीन करवा ली। इसलिए आरोपी पटवारी रूपेश कुमार त्यागी को तत्काल निलंबित कर कार्रवाई की जाए।

**कलेक्टर ने वीडियो कॉल के जरिए विभाग प्रमुखों को लगाई फटकार:** नवागत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने जनसुनवाई में मिले 110 आवेदन टीएल के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बेनीपुरा कैलारस की कमला देवी 66 पत्नी रोशनलाल ने बताया कि भूमि सर्वे क्रमांक-482 ग्राम तिंदौली में स्थित है।

भूमि सर्वे 482/1 के नक्शा संशोधन हेतु प्रार्थिया द्वारा पूर्व में आवेदन प्रस्तुत किया था। राजस्व निरीक्षक वृत सबलगढ़ ने आवश्यक संशोधन करके तहसीलदार सबलगढ़ को अनुमोदित होकर स्वीकृति के लिए एसडीएम को भेजा। लेकिन नक्शा संशोधन नहीं हुआ। इस पर कलेक्टर ने सबलगढ़ एसडीएम से बात कर आवेदक का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

# 12 कॉर्टन में भरे 3 लाख के पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** दीपावली के त्यौहार पर अवैध रूप से बिक्री के लिए लाए गए 3 लाख 10 हजार रूपये कीमती पटाखों के साथ सिटी कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मप्र विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

### कोतवाली पुलिस ने गर्ल्स स्कूल के पास से दबोचा

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया को सूचना मिली थी कि गर्ल्स स्कूल के पास एक युवक फुटपाथ पर भारी मात्रा में पटाखों को रखकर कहीं ले जाने की फिराक में खड़ा हुआ है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दविश दी तो वहां समीर खान पुत्र रज्जाक खान नि. नंदराम वाली गली, पीपलवाली माता के पास मुरैना खड़ा हुआ मिला। उसके बगल में गत्ते से बने 12 कॉर्टन रखे हुए थे। जांच के दौरान इन कॉर्टन में विस्फोटक सामग्री भरी हुई मिली। पुलिस ने समीर को गिरफ्तार कर विस्फोटक सामग्री से भरे सभी कॉर्टन को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार जब्त की गई विस्फोटक सामग्री का बाजारू मूल्य 3 लाख 10 हजार रूपये है। पुलिस ने समीर खान के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



### कार्रवाई करने वाली टीम में यह रहे शामिल

निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई हेमलता गर्ग, प्र .आर . शिवप्रताप भदौरिया, अनिल दोहरे, सुनील पाठक, गजेन्द्र सिंह, वृंदावन अर्गल, आरक्षक सत्यम शर्मा, कुलदीप जाट, अशोक, श्यामबिहारी, सत्यपाल, प्रदीप, योगेन्द्र, विजय सिंह कार्रवाई करने वाली टीम में शामिल थे।

# चंबल की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त, ड्राईवर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने मंगलवार को चंबल की रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने ड्राईवर को हिरासत में लेकर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

स्टेशन रोड थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत को मंगलवार को मुखबिर ने सूचना दी कि नंदेपुरा रोड से होकर चंबल की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली गुजरने वाले है। निरीक्षक श्री राजपूत ने फोर्स के साथ मिलकर नंदेपुरा रोड पर श्मशान घाट के पास से नीले रंग के सोनालिका ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। ट्रॉली में चंबल नदी का रेत भरा हुआ था। ड्राईवर को गिरफ्तार कर पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर अपराध दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत, प्र.आर. रविन्द्र कुमार, सुरेश, रुस्तम सिंह,



कुलदीप, कपिल पचौरी, कमलकिशोर, हरेन्द्रपाल, धर्मेन्द्र, योगेन्द्र सिंह, आरक्षक चालक पवन कुमार, महिला आरक्षक प्रिया परिहार शामिल थे।

# स्कूटी सवार वृद्ध को बेकाबू डंपर ने कुचला, मौके पर मौत

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** स्कूटी पर सवार होकर मुरैना से ग्वालियर जा रहे 74 साल के एक बुजुर्ग को बेकाबू डंपर ने कुचल डाला। बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा मंगलवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे एनएच-44 हाईवे पर छौंदा टोलप्लाजा के निकट होना बताया जा रहा है।

### एनएच-44 हाईवे पर छौंदा टोलप्लाजा के निकट हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार ग्वालियर शहर में पड़ाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुशल नगर, गांधीनगर में रहने वाला बुजुर्ग प्रेमचंद्र जैन सोमवार को मुरैना में अपने रिश्तेदार के घर आया हुआ था। मंगलवार को प्रेमचंद्र जैन स्कूटी क्रमांक-एचआर26-एके-7303 पर सवार होकर मुरैना से सुबह 10 बजे ग्वालियर जाने को निकला था। इसी दौरान जब वो एनएच-44 हाईवे पर छौंदा टोलप्लाजा के पास से गुजर रहा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे कुचल डाला। डंपर का पहिया प्रेमचंद के सिर के ऊपर से गुजरा, सिर कुचलने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राईवर, डंपर को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला।



सूचना मिलते ही सिविल लाईन थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर डंपर को जब्त कर लिया। पुलिस ने डंपर चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे : किसानों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों ने मंगलवार को नवीन कलेक्ट्रेट भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में भूमि अधिग्रहण के बदले किसानों को 4 गुना

### चार गुना मुआवजा और माताबसैया थाना पर कार्रवाई की मांग

मुआवजा राशि दिए जाने और किसानों को धमकाने वाले माताबसैया थाना प्रभारी एसआई अरुण सिंह कुशवाह के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन मप्र किसान सभा के बैनर तले दिया गया। इस ज्ञापन में कहा गया है कि एक्सप्रेस-वे में मुरैना जिले के 25 गांवों के किसानों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है। मुआवजे के नाम पर कलेक्टर गाइडलाइन से 2 गुना मुआवजा देने की बात कही जा रही है।



जबकि यूपी-राजस्थान में किसानों को चार गुना मुआवजा और गाइडलाईन से अतिरिक्त राशि प्रदान की जा रही है। ज्ञापन में माताबसैया थाना प्रभारी द्वारा किसानों के विरुद्ध झूठी एफआईआर दर्ज कर उन्हें धमकियां देकर दुर्व्यवहार किया गया। किसान सभा ने चार गुना मुआवजा दिए जाने, गाइडलाईन में वृद्धि करने और माताबसैया थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में किसान सभा के अशोक तिवारी, कांग्रेस नेता जसवीर गुर्जर, श्रीकृष्ण यादव, ओमप्रकाश श्रीवास, रामचित्र महाना, अर्जुन हर्षाना, धीरेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, रामप्रकाश सिंह गुर्जर, उदयवीर सिंह यादव, जनरल सिंह गुर्जर, अशोक कुमार, राजेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

**27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगे किसान :** किसानों ने आगामी 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को भोपाल पहुंचकर ज्ञापन सौंपने की बात कही है। जिसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई तो किसानों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# बरबाई में 2 डेयरियों से लिए दूध-मावा के सैंपल, 1 डेयरी शील्ड

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए जिले भर में सैंपलिंग की कार्रवाई जोरों पर चल रहीं है। मंगलवार को अंबाह एसडीएम रामनिवास सिंह सिकरवार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बरबाई गांव सहित पिनाहट रोड पर स्थित तीन दूध डेयरियों पर सैंपलिंग की कार्रवाई की।

### एसडीएम अंबाह के नेतृत्व में फूड सेफ्टी विभाग की कार्रवाई

फूड सेफ्टी ऑफिसर गिरीश राजौरिया ने अंबाह क्षेत्र के ग्राम बरबाई में महावीर धाकरे की डेयरी पर छापा मारा। जांच के दौरान यहां सिंथेटिक मावे के निर्माण होना पाया गया। टीम ने मौके से दूध, मावा और वनस्पति घी के सैंपल लिए और 15 किग्रा वनस्पति घी जब्त किया गया। टीम ने दूसरी कार्रवाई बरबाई गांव में रमेश धाकरे की डेयरी पर की। यहां डेयरी पर उपस्थित महिलाओं ने टीम का सहयोग नहीं किया, जिसकी वजह से सैंपल नहीं लिए जा सके। टीम ने इस डेयरी को शील्ड किया है। मौके पर मावा का निर्माण किया जा रहा था। तीसरी कार्रवाई पिनाहट रोड स्थित विष्णु डेयरी पर की गई। फूड सेफ्टी टीम ने यहां से मावा और घी के नमूने लिए है। जिन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है।





## जिलास्तरीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण संपन्न

**सबलगढ़ 14 अक्टूबर ।** पहाड़गढ़, कैलारस और सबलगढ़ के लिए जिलास्तरीय सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर ट्रेनिंग का आयोजन आदर्श उमावि कुतघान रोड पर किया गया। शिविर का नेतृत्व मूलचंद गौड ने किया। प्रशिक्षक राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, महेंद्र अटल, दिनेश शर्मा और व्यवस्थापक सतीश गौड ने तीनों ब्लॉकों के 35 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

# ई-अटेंडेंस की खामियों को लेकर शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई ई-अटेंडेंस प्रणाली में तकनीकी खामियों और नेटवर्क संबंधी दिक्कतों से परेशान शिक्षकों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम

### संयुक्त मोर्चा के बैनर तले न्यू कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

डिप्टी कलेक्टर भरत कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सौंपा गया।

इस ज्ञापन में शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते हुए तत्काल समाप्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि ई-अटेंडेंस प्रणाली जीपीएस और फेस रिकग्निशन तकनीक पर आधारित है और इसे सीधे वेतन प्रणाली से जोड़ा गया है। तकनीकी कमियों के चलते शिक्षकों के विद्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद अनुपस्थित दर्ज हो जाती है। जिससे शिक्षकों को वेतन रुकने का डर बना रहता है। ज्ञापन में लिखा है कि बच्चों की प्रगति रिपोर्ट, बैंकिंग कार्य, आधार अपडेट और प्रोफाइल पंजीयन आदि कार्यों के साथ ई-अटेंडेंस अतिरिक्त बोझ के समान है। शिक्षकों ने इस नवीन व्यवस्था को समाप्त कर पुरानी व्यवस्था को फिर से लागू किए जाने की मांग की है।



### ज्ञापन सौंपने वालों में यह रहे शामिल

संयुक्त मोर्चा के जगदीश यादव, शिक्षक कांग्रेस के नरेंद्र सिंह तोमर, प्रांतीय शिक्षक संघ के मुन्नालाल शर्मा, धीरेन्द्र सिकरवार, संतोष तोमर, पटवारी गुर्जर, पंजाब सिंह, संजय दीक्षित, भंवर सिंह तोमर, रामबाबू जाटव, आशुतोष शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल थे।


## आम सूचना

श्री प्रेमनारायण शर्मा पुत्र श्री श्रीकृष्ण शर्मा एवं श्रीमती पदमा शर्मा पत्नी श्री प्रेमनारायण शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.121, स्थित ग्राम मुड़ियाखेड़ा, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.01 (टैगोर वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.588 ग्राम मुडियाखेड़ा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1184 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भवन श्री रामजीलाल डंडोतिया, पश्चिम में-रास्ता 12 फुट चौड़ा, उत्तर में-भवन श्री विशाल डंडोतिया एवं दक्षिण में-भवन श्री रामजीलाल डंडौतिया है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में नगर पालिका निगम मुरैना के रिकॉर्ड वर्ष 2012-13 के अनुसार, श्री प्रेमनारायण डंडौतिया पुत्र श्री श्रीकृष्ण डंडोतिया के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री प्रेमनारायण शर्मा द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती पदमा शर्मा पत्नी श्री प्रेमनारायण शर्मा के हित में सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किये जाने हेतु डीड का ड्राफ्ट तैयार किया गया है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व का कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री प्रेमनारायण शर्मा एवं श्रीमती पदमा शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान वित्तीय संस्थान टायगर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर एवं पूर्व का कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी । तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**<br>
**नीरज जैन, एडवोकेट**<br>
**कार्या. - भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास**<br>
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**<br>
**मो.नं. 98276-72710**


## कट्टौली गांव में हुई चोरी का खुलासा, 1 गिरफ्तार, माल जब्त



नवभारत न्यूज

**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** पहाड़गढ़ क्षेत्र के ग्राम कट्टौली में विगत 11-12 अक्टूबर की दरम्यानी रात को एक घर में हुई चोरी की वारदात को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे में ही ट्रेस कर लिया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चुराए गए सोने, चांदी के जेवरात और पीतल के बर्तन बरामद कर लिए है।

### 11 अक्टूबर की रात को हुई थी चोरी की घटना

जानकारी के अनुसार कट्टौली गांव निवासी नरेश सिंह जादौन पुत्र गोरे सिंह जादौन के घर से 11-12 अक्टूबर की दरम्यानी रात को अज्ञात बदमाश सोना-चांदी के जेवरात और पीतल के बर्तन चुराकर ले गए थे। पहाड़गढ़ पुलिस ने नरेश की रिपोर्ट पर अपराध क्रं. 157/2025 दर्ज किया था। घटना की पड़ताल के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पहाड़गढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार ने अपनी टीम के साथ मिलकर कट्टौली गांव से एक युवक गुलफान खान निवासी कट्टौली को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना कुबूल कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से सोने की बेसर, चांदी की करधनी और पीतल के बर्तन जब्त किए है। जिनकी कीमत 63 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस द्वारा उसके साथी की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र परिहार, प्र.आर. राजेश कुमार, राजकिशोर सिंह, आरक्षक डोंगर गुर्जर, अर्जुन जाट, सुमित, विजय जाट, राजेश कुमार, हरेन्द्र सिंह शामिल थे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 : नपा जौरा प्रदेश में टॉप-5 में शामिल



नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 14 अक्टूबर ।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत 20 से 50 हजार आबादी वाली नगरीय निकायों में जौरा नगरपालिका को मध्यप्रदेश में टॉप-5 में शामिल किया गया है। नगरपालिका परिषद जौरा को हासिल हुई इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी को सम्मानित किया है।

भोपाल के रविंद्र भवन में हुए समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नपाध्यक्ष माहेश्वरी समेत नपा जौरा के इंजीनियर आकाश त्यागी, स्वच्छता पर्यवेक्षक

### मुख्यमंत्री ने किया नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी का सम्मान

महेशचंद्र त्यागी, नीरज सिंह गौर व टीम के सदस्यों को सम्मानित करते हुए प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस मौके पर नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, आयुक्त संकेत भोंडवे, भोपाल महापौर मालती राय सहित प्रदेशभर के नगरीय निकायों के अध्यक्ष, पार्षदगण एवं सीएमओ उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने सम्मान ग्रहण करते हुए कहा कि सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि जौरा की सजग जनता, स्वच्छता कर्मियों की अथक मेहनत और संपूर्ण टीम की एकजुटता का परिणाम है। मैं यह पुरस्कार अपने नगर के प्रत्येक नागरिक और स्वच्छता योद्धाओं को समर्पित करता हूँ। हमारा अगला लक्ष्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना है।

## विक्टर स्कूल में 4 दिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित



**मुरैना, 14 अक्टूबर ।** स्वस्थ परिवार-सशक्त परिवार अभियान के तहत विक्टर कॉन्वेंट स्कूल में 4 दिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। इस कैंप का आयोजन 2 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए हुआ। जिसका उद्देश्य से बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और प्रारंभिक स्तर पर बीमारियों की पहचान करना था।

कैंप के दौरान विद्यार्थियों की हीमोग्लोबिन ब्लड शुगर, बॉडी मास इंडेक्स, आंखों की जांच, कर्ण-श्रवण परीक्षण, त्वचा रोग संबंधी जांच तथा मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य मूल्यांकन कर उचित परामर्श दिया गया। कैंप में चिकित्सकों ने बच्चों को संतुलित आहार, स्वच्छता, व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। कैंप का आयोजन सीएमएचओ डॉ. पदमेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में हुआ। कैंप में डॉ. अंजू असवार, डॉ. अजय सिंह, नेत्र सहायक अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों का परीक्षण किया। कैंप में संस्था के प्राचार्य डीके शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कैंप के आयोजन से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता और आत्म देखभाल की भावना का विकास होता है। विद्यालय प्रबंधन ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।